# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 29 अक्टूबर, 2025

वर्ष 01 | अंक 268 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# जनसुनवाई में आम नागरिकगण लेकर आए अपनी समस्याएं







आदित्य शर्मा

## पुलिस कमिश्नर इंदौर ने उनकी व्यथा सुन, संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण हेतु दिए दिशा निर्देश।

इंदौर- मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों का निराकरण करनें एवं समस्याओं का त्वरित समाधान करनें के लिए प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती हैं। जिसके तारतम्य में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा अति पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) इंदौर श्री अमित सिंह एवं सभी ज़ोन के अन्य अधिकारियों के साथ, आज दिनांक 28.10.25 को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई में आमजन की शिकायत एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण करने के लिये उचित कार्यवाही करने के निर्देश दियें। जनसुनवाई के दौरान आज 59 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए, जिनमे प्रमुख रूप से आपसी विवाद, पारिवारिक विवाद, धोखाधड़ी, जमीन संबंधी विवाद व महिला अपराध संबंधी एवं अन्य समस्याओं लेकर आमजन आए, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा उनकी व्यथा व समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कुछ में अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों के तथ्य भी होने से आवेदकों को संबंधित विभाग से भी संपर्क कर कार्यवाही के लिए समझाईश दी गई।

# आंतरिक द्वंद से छुटकारा पाने, का मार्ग है सहजयोग



ब्रह्मानंदं परम सुखदं,केवलं ज्ञानमूर्तीं,
द्वंद्वातीतं गगन सदृशं, तत्वमस्यादि लक्षं।
एकं नित्यं विमलमचलं,सर्वाधी साक्षीभूतं,
भावातीतं त्रिगुण रहितं, सदगुरु तं नमामि ॥

'गुरु गीता' सहजयोग एक सहजावस्था है, जिसे पाना इतना ही सरल है जैसे कि पृथ्वी मां के उदर से अंकुर प्रस्फुटित होना, फूलों का फलों में और पुनः फलों का बीज में रूपांतरित होना। सहजयोग एक जीवंत प्रक्रिया है, जिसे अपने सूक्ष्म तंत्र पर जाना जाता है। शर्त केवल एक ही है की इस 'योग' के प्रति आपको 'जिज्ञासु' होना पड़ेगा। यह एक आधुनिक योग पद्धति है, जिसे विश्व के सभी सहजयोग केंद्रो पर पूर्णतः निःशुल्क सिखाया जाता है। पूज्य श्रीमाताजी कहती हैं, आप मुझे अपना गुरु मत मानिये, आप खुद का गुरु बन जाइये । और आपका गुरु है, आपके हृदय में छिपा हुआ आत्म- तत्व । जब आप अपनी शुद्ध इच्छाशक्ति जागृत कर इसे मांगोगे तब आपकी मां स्वरुपिणी शक्ति जागृत होकर आपको अंदर से स्थिर, शांत और आनंदमयी बना देगी। हमारे जीवन की जो भी भौतिक समस्या है इसका केवल एक ही कारण है कि हम अंदर से' अस्तव्यस्त, अत्यंत तनावपूर्ण, भयभीत और चितांग्रस्त है। इन सारी नकारात्मकताओं से घिरे रहने के कारण हम हमारे जीवन का आनंद नही ले पा रहे हैं। हमारा सत्यस्वरूप 'सत्तचित् आनंदमयी' है। तो फिर कहां गया हमारे जीवन का वो अनुपम आनंद ? सहजयोग ध्यान के माध्यम से आप इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। आप अपने हृदय पर हाथ रखकर सिर्फ इतना कहिये कि- मां मुझे मेरा आत्मसाक्षात्कार दीजिये, मेरा उस आनंद से नाता जोड़ दीजिए और दुनियादारी के इन झंझटों से मुझे मुक्त कराइये, मुझे आप वो निर्वाज्य प्रेम दीजिये" बस इतनी-प्रार्थना आप सच्चे हृदय से कीजिए तो आपके जीवन ये जादुई चमत्कार घटित होगा। आप जान जायेंगे कि ब्रम्हानंद क्या है अर्थात ब्रह्म का आनंद क्या होता है?, 'द्वन्दातीत अर्थात सुख-दुःख के द्वंद से छूटना किसे कहते है? आप गगन के सदृश्य सर्वत्र व्याप्त उस सतगुरु को जान जायेंगे और वो आपका सिखा देंगे, अनुभूत करा देंगे कि 'तत् त्वम् असि' अर्थात आप ही उस परम तत्व के अंग-प्रत्यंग हो, जो, जीवन में ब्रम्हानंद पाने का पूर्णतः अधिकारी है। नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के साथ लापरवाही व असुविधा के लिए कांग्रेस जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन सोपा

**महू-इंदौर-** जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के साथ लापरवाही व असुविधा के लिए कांग्रेस जनप्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सोपा। महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए जो ऑपरेशन किये गये ऑपरेशन के बाद मरीज महिलाओं को बेड की जगह जमीन पर सुलाया गया साथ ही साफ सफाई की भी कमी देखी गई पानी पीने की उचित व्यवस्था भी नहीं है। साथी सीसी टीवी कैमरे भी बंद



है और जिम्मेदार मौन इन्ही सब समस्याओं के लिए आज अनुविभागी अधिकारी कार्यालय पर तहसीलदार को ज्ञापन सोपा की सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारे। इस मौके पर मुख्य रूप से जुगनू जादवसिंह धनावत, विजेंद्रसिंह चौहान, शक्तिसिंह गोयल, जनपद प्रतिनिधि विलीन पाटीदार, मनोहर गावड़, मनमोहन गुनावत, अरविंद गुनावत, गजेंद्रसिंह राठौर, एडवोकेट आशीष वर्मा, आशीष जैन,तोलाराम बरगट, ओम पटेल, प्रवीणसिंह सोलंकी, गोविंद पड़ीहार, मुस्तकीमकुरैशी, सद्दाम पटेल, विनोद भार्गव, विकास ठाकुर, अल अमन खान, सनीसिंह राजपूत, अभिषेक यादव, शैलेश जाट, रोहित कागट, पंकज मीणा, अरुण गुर्जर, चेतन मुकाती,यदुनंदन पाटीदार, हरिसिंह निनामा, राजमल बारिया इत्यादि सैकड़ो जन उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन अरविंद गुनावत ने किया।

# पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा "ट्रैफिक प्रहरी" अभियान से जुड़ने वाले जिम्मेदार नागरिकों को किया प्रोत्साहित



### शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु जुड़ने वाले ट्रैफिक प्रहरियों को जैकेट, कैप, लाइट बेटन, बैज, आदि किए प्रदाय। सुगम एवं सुरक्षित यातायात व नियमों के प्रति जनजागृति हेतु, पुलिस के साथ जनसहभागिता के लिए नागरिकों को किया प्रेरित।

**आदित्य शर्मा**

इंदौर- शहर में सुगम, सुरक्षित व सुखद यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में प्रभावी कार्यवाही के साथ ही बेहतर यातायात व्यवस्था में आम जनमानस की सहभागिता भी बढ़े तथा सभी में यातायात नियमों के पालन के प्रति जनजागृति आए इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इंदौर पुलिस द्वारा "ट्रैफिक प्रहरी" अभियान प्रारंभ किया गया है। उक्त अभियान से शहर के जिम्मेदार व जागरूक नागरिक जुड़ भी रहे है, जिन्हें प्रोत्साहित करने हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने आज कार्यालय में ट्रैफिक प्रहरियों को जैकेट, कैप, सिटी, लाइट बेटन और बैज प्रदान कर, उनके द्वारा समाजहित में जो अभिन्न सेवा दी जाएगी, उसके लिए उनकी सराहना भी की। इस दौरान डीसीपी (प्रभारी यातायात) श्री आनंद कलादगी व एडिशनल डीसीपी क्राइम श्री राजेश दंडोतिया व अन्य अधिकारीगण एवं जागरूक ट्रैफिक प्रहरी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने आमजन को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि, हमारी इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को यातायात प्रबंधन एवं नियम पालन की प्रक्रिया में सहभागी बनाना है, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था को और सुरक्षित एवं सुचारु व बेहतर किया जा सके इससे जुड़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर गूगल फॉर्म भर सकते हैं, अपने सुविधानुसार समय एवं स्थान का चयन कर यातायात प्रहरी के रूप में कार्य कर सकते हैं। "ट्रैफिक प्रहरी" के माध्यम से नागरिक यातायात पुलिस की सहायता कर सकेंगे - जैसे चौराहों, त्योहारों पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने, नियम उल्लंघन की सूचना देने, दुर्घटना या जाम की स्थिति की जानकारी देने तथा आमजन में नियमों के पालन हेतु जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे।

# बेटी के जन्म को यादगार बनाने के लिए, ट्रैफिक प्रहरी बन दी सेवा



### "ट्रैफिक प्रहरी" अभियान से जुड़कर जिम्मेदार नागरिक के रूप में दिया, प्रेरणादायक उदाहरण

इंदौर। शहर में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं और बेहतर बनाने हेतु इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा प्रारंभ किए गए "ट्रैफिक प्रहरी अभियान" के अंतर्गत शहर के जिम्मेदार नागरिक बड़ी उत्सुकता के साथ इस पहल से जुड़ रहे हैं और सड़क सुरक्षा जागरूकता में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में आज श्री करण कपूर एवं उनके साथियों ने ट्रैफिक प्रहरी के रूप में यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। विशेष बात यह रही कि करण कपूर के घर आज बिटिया का जन्म हुआ है। उन्होंने कहा कि "आज मेरी जिंदगी का सबसे खुशी का दिन है, और मैं इस दिन को यादगार बनाना चाहता था, इसलिए ट्रैफिक प्रहरी अभियान से जुड़कर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाने आया हूं।" करण कपूर की इस सेवा भावना और जिम्मेदार नागरिकता के इस अद्भुत उदाहरण की इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा सराहना की गई तथा उन्हें बिटिया के जन्म पर हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इंदौर ट्रैफिक पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे भी "ट्रैफिक प्रहरी अभियान" से जुड़कर सड़क सुरक्षा जागरूकता के इस अभियान को सार्थक बनाने ने अपना सहयोग प्रदान करें।

# इंदौर बीजेपी की नई कार्यकारिणी घोषित होते ही शुरू हुआ बवाल

**भाजपा कार्यालय में जमकर हंगामा, अध्यक्ष के फोटो पर कालिख पोती, बीजेपी अध्यक्ष सुमित मिश्रा का पुतला फूंका, नई कार्यकारिणी पर फूटा गुस्सा**







**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने अपनी नियुक्ति के लगभग 9 महीने बाद मंगलवार को नई नगर कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। इस 33 सदस्यीय टीम में 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री और 8 मंत्री शामिल हैं। हालांकि, सूची जारी होते ही पार्टी के भीतर भूचाल आ गया।

**जीतू जिराती के समर्थकों ने किया हंगामा** – कार्यकारिणी की घोषणा के तुरंत बाद, नाराज भाजपा कार्यकर्ता और खाती समाज के लोग भाजपा कार्यालय पहुंचे। ये पूर्व विधायक जीतू जिराती के समर्थक बताए जा रहे हैं। उन्होंने नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ÷सुमित मिश्रा गुंडा है÷ के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने मिश्रा के केबिन के बाहर लगी नेमप्लेट और गेट पर कालिख पोत दी। इतना ही नहीं, कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर में भी सुमित मिश्रा के चेहरे पर कालिख पोती गई और बाद में पोस्टर फाड़ दिया गया। इस हंगामे के बीच 28 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अपने इस्तीफे की पेशकश कर दी।

**खाती समाज की नाराजगी** – खाती समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा उनके समाज की लगातार उपेक्षा कर रही है। उन्होंने कहा, ÷हमारे



नेता जीतू जिराती को पार्टी व्यक्तिगत रूप से निशाना बना रही है। हम जीतू पटवारी (कांग्रेस) को नजरअंदाज कर जीतू जिराती के कहने पर भाजपा को वोट देते आए हैं, लेकिन उनके समर्थकों को ही पदाधिकारी नहीं बनाया जा रहा है।

### कांग्रेस ने कहा- भाजपा का असली चेहरा उजागर हो गया

म.प्र.कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव राकेश सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के संस्कार और संस्कृति का चाल चरित्र और चेहरा उजागर हो गया हैं। गोडसेवादी भाजपा में विरोध भी गोडसे पद्धति से हुआ है। भाजपा की इंदौर नगर कार्यकारिणी भाजपा तानाशाही का प्रतीक बन गई है। भाजपा के संस्कारों पर कालिख पोत दी गई है।

### स्वाति काशिद का नाम भी चर्चा में

सूची में स्वाति काशिद के नाम की भी चर्चा है। उन्हें नगर मंत्री बनाया गया है। स्वाति, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले युवराज कासिद उर्फ युवराज उस्ताद की पत्नी हैं। यह पहली बार नहीं है जब स्वाति कासिद की नियुक्ति पर विवाद हुआ हो। नगर निगम चुनाव के दौरान भाजपा ने उन्हें वार्ड 56 से पार्षद का टिकट दिया था लेकिन, पति युवराज उस्ताद की आपराधिक पृष्ठभूमि की शिकायतें सामने आने के बाद पार्टी ने महज 16 घंटे में उनका टिकट वापस ले लिया था। उस समय तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बयान दिया था कि भाजपा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों या उनके परिजनों को टिकट नहीं देती और पार्टी की ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति है।



# उगते सूरज को अर्ध्य देकर पूरा हुआ छठ महापर्व

- दिल्ली से लेकर बिहार तक घाट पर उमड़ी व्रती महिलाओं की भीड़

**पटना (एजेंसी)।** उगते हुए सूरज को अर्ध्य देकर सोमवार को छठ महापर्व खत्म हुआ। इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत भी संपन्न हुआ। मंगलवार की सुबह व्रती महिलाओं ने जल में डुबकी लगाकर सूर्य देव को अर्ध्य दिया। सूर्य देव से महिलाएं ने संतान की दीर्घायु, पारिवार की सुख-समृद्धि और मंगल जीवन की कामना की। छठ महापर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने अपने ट्विटरहैंडल पर लिखा, भगवान सूर्यदेव को प्रातः कालीन अर्ध्य के साथ आज महापर्व छठ का शुभ समापन हुआ।

### संपूर्ण भारत में बिहारवासियों ने बनाई अपनी पहचान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्वांचल और पूर्वोत्तर के अद्भुत छठ महापर्व की प्रदेशवासियों को मंगलकामनाएं और बधाइयां देते हुए कहा कि छठ मैया का महापर्व वैज्ञानिक पद्धति आधारित होकर सूर्य और जल की उपासना का पर्व है। भगवान सूर्यनारायरण सम्पूर्ण सृष्टि को ऊर्जा देकर सृष्टि का संचालन करते है, वही जल से ही जीवन की उत्पत्ति हुई है। छट व्रत हमें आत्म नियंत्रण, संयम और आत्मबल प्रदान करता है। अस्त और उदय होते हुए सूर्य का पूजन करने वाले इस पर्व की बात ही निराली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय स्थित विक्रम सरोवर पर मंगलवार को आयोजित छठ पूजन में शामिल होने के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की बिहार भारत की दिशा तय करता है। बिहार पर परमात्मा का विशेष आशीर्वाद है। बिहार बुद्ध और महावीर की भूमि भी है, जिन्होंने अपने ज्ञान से देश ही नहीं संपूर्ण दुनिया को दिशा प्रदान है। सबसे ज्यादा आईएएस, आईपीएस किसी राज्य से निकलते हैं तो वह बिहार है। सरलता, निश्चलता, क्षमता और योग्यता के बल पर संपूर्ण भारत में बिहारवासी अपनी पहचान बनाते है।



# आंध्र की नई राजधानी कायम करेगी मिसाल

- अमरावती में कोहिनूर और बौद्ध स्तूप की थीम पर बन रहीं इमारतें

### परंपरा, आधुनिकता और हरियाली का बनेगी संगम



**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती को भारत की सबसे आधुनिक, हरित और 'जनता की राजधानी' के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य सुशासन, पारदर्शिता और सतत विकास को एक साथ दिखाने वाला शहर बनाना है। इसी क्रम में राजधानी में तीन अनोखी इमारतों का निर्माण किया जा रहा है जो कि बेहद खास और भारत की पहली ऐसी इमारत होगी। ये इमारतें विधानसभा, हाईकोर्ट और प्रशासनिक टॉवर हैं। इन तीनों इमारतों की अपनी-अपनी खासियत है अमरावती का प्रशासनिक परिसर नई राजधानी के प्रशासनिक परिसर की खासियत यह है कि यहां 5 टावरों वाला सचिवालय क्षेत्र बनाया जा रहा है, जिनमें विभागीय भवन 50 मंजिल तक ऊंचे होंगे। एपीसीआरडीए के आयुक्त के. कन्ना बाबू ने बताया कि यह भारत की सबसे आधुनिक, हरित और पारदर्शी राजधानी होगी, जहां नागरिक शासन के साझेदार बनेंगे। उनका कहना है कि लक्ष्य इसे देश की अन्य राजधानियों के लिए एक मॉडल सिटी बनाना है। अमरावती में बन रहा विधानसभा भवन अपने अनोखे डिजाइन के कारण चर्चा में है। यह 250 मीटर ऊंचे शिखरनुमा भवन के रूप में बन रहा है, जिसका आकार कोहिनूर से प्रेरित है। सदियों पहले अमरावती से 35 किलोमीटर दूर गुंटूर के पास कोहिनूर मिला था।

# राहुल गांधी का मध्यप्रदेश दौरा

## 10 नवंबर को पचमढ़ी में जिला अध्यक्षों से करेंगे चर्चा, पहली बार प्रदेश में बिताएंगे रात

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 10 नवंबर को मध्यप्रदेश के पचमढ़ी पहुंचेंगे, जहां वे प्रदेश कांग्रेस के जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों के साथ रणनीतिक चर्चा करेंगे। खास बात यह है कि राहुल गांधी पहली बार मध्यप्रदेश की धरती पर रात गुजारेंगे। उनके इस दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में तैयारियां तेज हैं और कांग्रेस नेताओं की बैठकों का दौर जारी है। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी के प्रवास को लेकर विस्तृत रोडमैप तैयार किया जा रहा है। दरअसल, 2 नवंबर से 11 नवंबर तक पचमढ़ी में कांग्रेस जिला अध्यक्षों का ट्रेनिंग कार्यक्रम चल रहा है। इसमें प्रदेश के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को संगठनात्मक दिशा, जनसंपर्क और चुनावी रणनीतियों की ट्रेनिंग दी जा रही है। राहुल गांधी 10 नवंबर को इस ट्रेनिंग सेशन में शामिल होंगे और जिला अध्यक्षों के साथ संवाद करेंगे। माना जा रहा है कि इस दौरान वे 2028 विधानसभा चुनाव और संगठन सुदृढ़ीकरण पर भी चर्चा कर सकते हैं। वहीं, राहुल गांधी के



इस दौरे पर सियासत भी तेज हो गई है। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि ÷राहुल गांधी अपनी जिंदगी में पहली बार मध्यप्रदेश की धरती पर रात बिताने आ रहे हैं। वे 30-32 साल से कांग्रेस को कमजोर कर रहे हैं और आज तक प्रदेश में नहीं रुके। अगर पचमढ़ी जैसा पर्यटन स्थल न होता, तो शायद अब भी नहीं रुकते।÷ उन्होंने आगे कहा कि ÷राहुल गांधी सिर्फ बोलने आते हैं, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट चुका है। पार्टी में किसी का न तो राजनीतिक भविष्य सुरक्षित है, न ही सम्मान मिल रहा है। ऐसे में उनका यह दौरा बेकार साबित होगा।÷ कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी का यह दौरा संगठन को नई ऊर्जा देने और पार्टी के नेतृत्व से सीधा संवाद स्थापित करने का अवसर होगा। वहीं, भाजपा इसे ÷राजनीतिक औपचारिकता÷ करार दे रही है। अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि राहुल गांधी का पचमढ़ी प्रवास कांग्रेस के लिए क्या नया संदेश लेकर आता है।

## डिलीवरी बॉय बनकर चल रहा था शराब का धंधा, फूड बॉक्स में मिली अवैध शराब की बोतलें

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में पुलिस ने शराब तस्करी का एक चौंकाने वाला मामला उजागर किया है। रांझी थाना पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो स्विगी फूड डिलीवरी बॉय बनकर अवैध रूप से शराब की सप्लाई कर रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अभय जयसवाल लंबे समय से स्विगी की यूनिफॉर्म पहनकर शहर के अलग-अलग इलाकों में शराब की डिलीवरी करता है। सूचना के आधार पर जब पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ा तो उसके पास स्विगी की ड्रेस और फूड बॉक्स मिला, जिसमें बड़ी मात्रा में देशी शराब की बोतलें भरी हुई थीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी बड़ी चतुराई से फूड डिलीवरी के नाम पर शराब की सप्लाई करता था ताकि किसी को शक न हो। आरोपी के इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली और मौके पर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने शराब की डिलीवरी करने की बात कबूल की है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि शराब कहां से लाई जाती थी, इस धंधे में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और यह गोरखधंधा कब से चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस पूरे मामले ने पुलिस प्रशासन को भी हैरान कर दिया है कि अपराधी अब किस तरह नई-नई तरकीबें अपनाकर कानून की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रहे हैं।

### IG की सख्त चेतावनी

## नशे के कारोबार को संरक्षण देने वालों पर बरसी दो टूक

### बोले : '15 दिन में सुधर जाएं, नहीं तो घरवालों को शर्म आएगी'

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में नशे के बढ़ते कारोबार पर पुलिस प्रशासन की भूमिका पर उठ रहे सवालों के बीच आईजी ने पुलिसकर्मियों और थाना प्रभारियों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने मंच से ही कहा कि नशीली कफ सिरप के कारोबार में संलिप्त पुलिसकर्मियों की पूरी सूची उनके पास है और यदि अब भी कोई नहीं सुधरा तो अगले 15 दिनों में ऐसे लोगों का नाम सार्वजनिक किया जाएगा, जिससे उनके परिवारों को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ेगी। रीवा में ÷ऑपरेशन प्रहार 2÷ के शुभारंभ के दौरान आईजी ने पुलिसकर्मियों को कड़े शब्दों में फटकार लगाते हुए कहा कि ÷हर गली, मोहल्ले और धार्मिक स्थल के बाहर नशीली सिरप की खाली शीशियां पड़ी हैं। यह संभव नहीं कि थाना प्रभारी और बीट आरक्षक को इसकी जानकारी न हो। जो लोग इस गंदगी को बढ़ा रहे हैं, वे तालाब को गंदा करने वाली मछलियों की तरह हैं और ऐसे लोगों की सूची तैयार हो चुकी है।÷ उन्होंने साफ कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर ऐसे पुलिसकर्मी नहीं सुधरे तो वे अपने हश्र के खुद जिम्मेदार होंगे। आईजी ने यह भी कहा कि अब तक जो हुआ, वह भुला दिया जाएगा, लेकिन अब किसी भी तरह की लापरवाही, गलती या संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को स्पष्ट आदेश दिया कि अपने थाना क्षेत्र को नशे से मुक्त करना उनकी जिम्मेदारी है, और अगर वे इसमें असफल होते हैं तो कार्रवाई तय है। गौरतलब है कि रीवा पिछले कुछ महीनों से नशीली कफ सिरप ÷कोरेक्स÷ के अवैध कारोबार को लेकर बदनाम हो चुका है। राजधानी भोपाल से लेकर दिल्ली तक यह चर्चा है कि रीवा नशे के कारोबार का गढ़ बन चुका है। इस मामले में विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। वहीं, सांसद जनार्दन मिश्रा और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने भी पुलिस से इस पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।इसके बावजूद कई थाना क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री जारी है और पुलिस अब तक केवल कुछ चुनिंदा लोगों पर ही कार्रवाई कर पाई है। अब आईजी की यह दो टूक चेतावनी साफ संकेत देती है कि अगर पुलिस के अंदर बैठे संरक्षणकर्ताओं ने अपनी हरकतें नहीं छोड़ीं, तो आने वाले दिनों में बड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस परेड 2025 में गूंजेगा मध्यप्रदेश पुलिस का शौर्य गीत, 334 जवान करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

**भोपाल।** राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस परेड 2025 में इस बार गुजरात की धरती पर मध्यप्रदेश पुलिस के जांबाज जवान अपने अदम्य साहस, अनुशासन और देशभक्ति का प्रदर्शन करेंगे। गांधीनगर और केवड़िया में आयोजित इस ऐतिहासिक परेड में मध्यप्रदेश पुलिस के कुल 334 जवान राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह दल बीते दिनों गुजरात पहुंच चुका है और वहां पर निरंतर कठिन प्रशिक्षण, रिहर्सल और परेड अभ्यास में संलग्न है। जवानों ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दृढ़ निश्चय, परिश्रम और अनुशासन के साथ अपने प्रदर्शन को निखारा है। हर जवान में देशभक्ति की भावना और मध्यप्रदेश की गरिमा को ऊंचा उठाने का जज्बा झलक रहा है। 31 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय आयोजन में मध्यप्रदेश पुलिस का कॉन्टिजेंट अपनी सटीक चाल, बेहतरीन कमांड और उत्कृष्ट तालमेल से सबका ध्यान आकर्षित करेगा। इस दल का नेतृत्व परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक अन्नपूर्णा सिरसाम करेंगी, जबकि सहायक कमाण्डर उपनिरीक्षक संजय चौहान और उपनिरीक्षक चंचल रोमड़े होंगे। इनके साथ उपुअ नीति दण्डोतिया, उपनिरीक्षक राजवीर विक्रम और उपनिरीक्षक रितेश सिसौदिया सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस परेड दल में 144 जवानों की प्लाटून और 72 सदस्यीय बैण्ड बल शामिल है, जो मध्यप्रदेश पुलिस की गौरवशाली परंपरा और समर्पण का परिचय देगा। इस अवसर पर गुजरात की भूमि पर ÷एमपी पुलिस÷ का तराना गूंजेगा, जो राज्य की शौर्यगाथा और राष्ट्रीय एकता के संदेश को पूरे देश में फैलाएगा।

# बागेश्वर धाम में दर्दनाक हादसा

### खौलते तेल की कड़ाही में गिरा 2 साल का बच्चा, बचाने गई दादी

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में स्थित बागेश्वर धाम में मंगलवार शाम एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ। यहां दर्शन करने आए एक परिवार की दादी और दो साल का पोता खौलते तेल में गिर जाने से गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद धाम परिसर में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में स्थित बागेश्वर धाम में मंगलवार शाम एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ। यहां दर्शन करने आए एक परिवार की दादी और दो साल का पोता खौलते तेल में गिर जाने से गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद धाम परिसर में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

हादसे की जानकारी मिलते ही बागेश्वर धाम के सेवादार तुरंत मौके पर पहुंचेऔर दोनों को एंबुलेंस से छतरपुर जिला अस्पताल पहुँचाया। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे और उसकी दादी दोनों को बर्न वार्ड में भर्ती किया गया है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर है।घटना की सूचना मिलने पर बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हादसा सांडों की भिड़ंत और भीड़ के धक्कामुक्की के कारण हुआ। धाम में मौजूद श्रद्धालु इस हादसे से बेहद दुखी हो गए। कई लोगों ने बच्चे के जल्द स्वस्थ होने





की दुआ की और सेवादारों की तेजी से की गई मदद की सराहना की। यह घटना एक बार फिर यह सवाल उठाती है कि भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत है ताकि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएँ दोबारा न हों।

# जयारोग्य अस्पताल में हड़ताल से ठप हुई व्यवस्था

### कर्मचारियों का उग्र प्रदर्शन, अधीक्षक को घेरा

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के सबसे बड़े जयारोग्य अस्पताल में कर्मचारियों की काम बंद हड़ताल से पूरे अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। सफाईकर्मी, वार्ड बॉय, स्ट्रेचर बॉय, सुरक्षा



गार्ड और फार्मेसी के कर्मचारी अपनी बोनस, एरियर, सीएल के भुगतान और समय पर वेतन न मिलने के विरोध में सामूहिक रूप से प्रदर्शन कर रहे हैं। एक हजार बिस्तरों वाले इस अस्पताल के सामने बड़ी संख्या में कर्मचारी धरने पर बैठ गए हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बी स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुधीर सक्सेना को घेर लिया। बताया गया कि कर्मचारी अचानक उग्र हो गए और अधीक्षक से जवाब-तलब करने लगे। माहौल बिगड़ता देख अधीक्षक किसी तरह वहां से दफ्तर की ओर निकल गए। इस दौरान हड़ताली कर्मचारियों ने मरीजों के पर्चा तैयार करने वाले कक्ष में जबरन घुसने का प्रयास किया और दरवाजे पर लात मारते भी नजर आए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल मौके पर पहुंचा, ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारियों को शांत करने की कोशिश की और आउटसोर्स एजेंसी 'एजाइल ग्रुप सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड' के प्रतिनिधियों को भी बुलाया गया। फिलहाल पुलिस की मध्यस्थता में कर्मचारियों और अस्पताल प्रबंधन के बीच बातचीत जारी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक हड़ताल समाप्त नहीं हुई थी। अस्पताल की सफाई व्यवस्था, दवा वितरण, मरीजों की देखरेख और अन्य बुनियादी सेवाएं पूरी तरह ठप हैं। मरीजों को जरूरी उपचार और दवाओं के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में असंतोष का माहौल बना हुआ है, जबकि प्रशासन ने हड़ताल को जल्द समाप्त कराने और व्यवस्था बहाल करने के लिए संवेदनशील रुख अपनाने की बात कही है। जयारोग्य अस्पताल की यह हड़ताल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं पर गहरी चोट कर रही है बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर रही है कि आउटसोर्स कर्मचारियों की शिकायतें और वेतन संबंधी समस्याएं कब तक अनसुनी रहेंगी।

# भाजपा की लाड़ली बहनों से धोखाधड़ी उजागर

### जब बहनों का हक खाया जाता है, तो सरकार की तिलमिलाहट बताती है कि झूठ कितना बड़ा था : जीतू पटवारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने लाड़ली बहना योजना के नाम पर प्रदेश की करोड़ों बहनों के साथ खुला विश्वासघात किया है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया था कि जून 2023 से प्रत्येक लाड़ली बहना को हर महीने ?3000 दिए जाएंगे। लेकिन हकीकत यह है कि जून 2023 से केवल 1000 प्रतिमाह दिए गए और जब कांग्रेस का दबाव बढ़ा, तो अक्टूबर 2023 से राशि 1250 कर दी गई। अगर भाजपा अपने चुनावी वादे के अनुसार हर बहन को 3000 प्रति माह देती, तो अब तक कुल 1,09,620 करोड़ का भुगतान होना चाहिए था, जबकि सरकार ने मात्र करीब 40,000 करोड़ ही दिए हैं। इसका सीधा अर्थ यह है कि भाजपा सरकार ने लाड़ली बहनों के लगभग 69,620 करोड़ हजम कर लिए हैं।

पटवारी ने कहा मुख्यमंत्री जी, अगर आप सच में होश में हैं, तो एक बार कागज-कलम लेकर हिसाब लगा लीजिए। आपको खुद समझ आ जाएगा कि कौन जनता से झूठ बोल रहा है और कौन सत्ता के नशे में चूर है। उन्होंने कहा कि जहां तक नशे और शराब के कारोबार की बात है, पूरा मध्य प्रदेश जानता है कि इस राज्य में कौन शराब के ठेके ले रहा है, कौन मुनाफा कमा रहा है और कौन नशे में रहता है। आगे कहा कि भाजपा सरकार की घबराहट और तिलमिलाहट इस बात का सबूत है कि अब लाड़ली बहनें जाग चुकी हैं और भाजपा से हिसाब मांग रही हैं। लाड़ली बहना अब हिसाब मांग रही है – और इस बार जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी।



महिला विश्व कप:

# स्मृति मंधाना के साथ ओपनिंग करेंगी शैफाली वर्मा?

## ● ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्लेइंग 11 में 2 बदलाव कर सकता है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला वर्ल्ड कप 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में 30 अक्टूबर को भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। लीग स्टेज में भारतीय टीम 3 मैच हारकर अंक तालिका में चौथे नंबर पर रही। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम एक भी मैच नहीं हारी। भारत की दिक्कतें खिलाड़ियों के चोटिल होने से और बढ़ गई है। बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी लीग मैच में ओपनर प्रतिका रावल चोटिल होकर टूर्नामेंट में बाहर हो गई। शैफाली वर्मा को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया। विकेटकीपर ऋचा घोष भी चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ मैच में नहीं खेली थीं। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में विकेटकीपिंग के दौरान बाएं हाथ की उंगली में चोट लगी थी। उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था और उमा छेत्री ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में उमा को डेब्यू का मौका मिला था। अगर ऋचा चोट से उबर जाती हैं तो भारत प्लेइंग 11 में दो बदलाव कर सकता है।

### शैफाली की राह आसान नहीं

भारत की प्लेइंग 11 में प्रतिका रावल की जगह शैफाली वर्मा और उमा छेत्री की जगह ऋचा घोष को मौका मिल सकता है। इसके अलावा बदलाव के कोई और आसार नहीं दिख रहे हैं। प्रतिका का बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका है। वह टूर्नामेंट में स्मृति मंधाना के बाद दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। शैफाली बेखौफ बल्लेबाजी के लिए जानी जाती हैं, लेकिन वह एक साल बाद भारत के लिए वनडे खेलती दिखेंगी।



# वर्ल्ड चैम्पियनशिप: भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने जीता स्वर्ण पदक, उज्बेकिस्तान के जालोलोव को हराया

**नोवी साद, एजेंसी।** भारतीय पहलवान सुजीत कलकल ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों की फ्री स्टाइल 65 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सुजीत ने खिताबी मुकाबले में उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जालोलोव को एकतरफा अंदाज में 10-0 से हराया। दोनों पहलवानों के बीच यह मुकाबला चार मिनट 54 सेकेंड तक चला जिसके बाद रेफरी ने भारतीय पहलवान को विजेता घोषित किया। सुजीत ने इस तरह उज्बेकिस्तान के पहलवान पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। इससे पहले सुजीत ने कभी विश्व खिताब नहीं जीता था, लेकिन उन्होंने 2022 और 2025 में अंडर-23 एशिया खिताब और 2022 में अंडर-20 एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। सुजीत ने पिछले साल इसी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, लेकिन इस बार वह पदक का रंग बदलने में सफल रहे।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर का सख्त संदेश

# 40 की उम्र में भी रोहित-विराट वर्ल्ड कप के लिए फिट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने चयनकर्ताओं को बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के चयन में उम्र को लेकर कोई बहाना नहीं बनाया जाना चाहिए। श्रीकांत का मानना है कि दोनों दिग्गज 2027 वनडे विश्व कप तक टीम इंडिया की रीढ़ बने रह सकते हैं। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, रोहित शर्मा को 2027 वर्ल्ड कप में जरूर खेलना चाहिए।

वह  के करीब हैं या अब उम्र हो रही है, ऐसी बातें बंद होनी चाहिए। वह फिट हैं, बेहतरीन फॉर्म में हैं और फील्डिंग में भी शानदार हैं। सिडनी में उनकी बल्लेबाज़ी देखकर लगा जैसे 2019 वर्ल्ड कप की झलक दोबारा दिख रही हो। उन्होंने आगे कहा, विराट कोहली तो अपनी फिटनेस के दम पर 45 साल तक खेल सकते हैं। उनकी फिटनेस अब भी किसी 25 वर्षीय खिलाड़ी जैसी है। रोहित और विराट दोनों को डराने या असुरक्षित महसूस कराने के बजाय चयनकर्ताओं को उन्हें भरोसा देना चाहिए कि वे टीम के सबसे अहम खिलाड़ी हैं।





श्रीकांत

ने चयन समिति को सलाह देते हुए कहा, उन्हें कहना चाहिए – 'आप दोनों टीम के केंद्र हैं, बस फिट रहो और हमें 2027 वर्ल्ड कप जिताओ।' डर या दबाव डालने की जरूरत नहीं है। हाल ही में खत्म हुई ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित शर्मा ने तीन मैचों में 202 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल रहा। उनकी 121* रनों की पारी भारत की 9 विकेट से जीत में निर्णायक साबित हुई थी। अब टीम इंडिया 30 नवंबर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज में खेलेगी, जहां रोहित और विराट अपने फॉर्म को जारी रखने की कोशिश करेंगे।

# यूरोपीय शतरंज क्लब कप में दिव्या और गुकेश नें जीते दोहेरे स्वर्ण पदक



**रोड्ज , ग्रीस ( एजेंसी )।** में आयोजित 40वें यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2025? में भारतीय खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ रिकॉर्ड कायम किया। सुपरचेस? (रोमानिया) क्लब ने ओपन वर्ग में 14 में से 14 अंकों के साथ खिताब पर कब्जा जमाया। इस टीम की जीत में विश्व चैंपियन डी. गुकेश का प्रदर्शन निर्णायक रहा, जिन्होंने पहले बोर्ड पर गोल्ड मेडल जीता। वहीं, नॉर्थ मैसेडोनिया की टीम अल्कालॉइड जिसमें भारत से अर्जुन एरीगैसी , अरविंद चितांबरम और अभिमन्यु पौराणिक थे ने 12 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया और डिफेंडिंग चैंपियन नोवी बोर (चेक गणराज्य) जिसमें भारत से विदित गुजराती और पेंटला हरीकृष्णा थे ने उतने ही अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में सर्कल डी शे मोंटे कार्लो ? ने 13 में से 13 अंक अर्जित कर खिताब जीत लिया। भारत की ग्रांड मास्टर  दिव्या देशमुख, जिन्होंने हाल ही में महिला विश्व कप 2025? जीता था, इस क्लब के लिए खेलते हुए अपने बोर्ड पर व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने में सफल रहीं। मौजूदा चैंपियन ताइफुन एसके ल्युब्लियाना तीसरे स्थान पर रही, जबकि सर्बिया की सर्मियम स्रेम्स्का मित्रोविका ने दूसरा स्थान हासिल किया। ओपन वर्ग में भारत के चार खिलाड़ियों ने अपने बोर्ड पर गोल्ड मेडल जीते - विश्व चैंपियन डी. गुकेश ( सुपरचेस), निहाल सारिन ( बेयगन पेंडिक), अभिमन्यु पुराणिक ( अल्कालॉइड) और दिव्या देशमुख ( मोंटे-कार्लो)। वहीं, अरविंद चितांबरम को अपने बोर्ड पर कांस्य पदक मिला। इस बार का आयोजन भारतीय खिलाड़ियों के लिए सबसे सफल साबित हुआ। पहली बार, ओपन और महिला दोनों वर्गों की विजेता टीमों में भारतीय ग्रैंडमास्टर शामिल रहे। ओपन वर्ग की शीर्ष तीनों टीमों में भी कम से कम एक भारतीय खिलाड़ी खेला। कुल सात राउंड के इस स्विस सिस्टम टूर्नामेंट में यूरोप की 100 से अधिक शीर्ष टीमें और लगभग 800 खिलाड़ी शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत अब 31 अक्टूबर को जिला स्तरीय मेला आयोजित होगा

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी 2.0
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

दिलीप पाटिदार

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 4 सितंबर से 31 अक्टूबर 2025 तक संचालित अंगीकार-2025 अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों और दूसरे नागरिकों को जरूरी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, होम लोन, इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर योजना, शहरी आजीविका मिशन, आयुष्मान भारत, (हेल्थ इंश्योरेंस) हेल्थ केम्प, उज्वला योजना, (मुफ्त गैस कनेक्शन) प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना इत्यादि हितग्राही मुलक योजनाओं का लाभ एक ही जगह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तर पर अब 31 अक्टूबर को दोपहर 12.00 बजे से स्थान कार्यालय नगर पालिका परिषद प्रांगण धार में पी.एम. आवास मेला शहरी आयोजित किया गया है। पपोर्व में यह मेला 29 अक्टूबर को होना था। आयोजित मेले में योजनावार स्टॉल लगाये जाकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा द्वारा संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये है।

# संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में इंदौर विकास प्राधिकरण संचालक मण्डल की बैठक सम्पन्न

आदित्य शर्मा

इंदौर। संभागायुक्त एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के सह अध्यक्ष डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में इंदौर विकास प्राधिकरण संचालक मण्डल की बैठक प्राधिकरण कार्यालय में सम्पन्न हुयी। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा चलायी जा रही विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यो की समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजनल डेवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट प्लान का क्षेत्रफल 6631.40 वर्ग किलोमीटर के स्थान पर अब 9989.69 वर्ग किलोमीटर होगा। इस संबंध में प्रस्ताव स्वीकति हेतु राज्य शासन को भेजा गया है। योजना क्रमांक 172 में प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर को पीपीपी मोड पर बनाये जाने हेतु निर्णय लिया गया है। इसके चयन हेतु कन्सलटेंट द्वारा निविदा में रखी जाने वाली शर्तों के विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किये गये। संचालक मण्डल द्वारा कन्वेंशन सेंटर के लिये निविदा आमंत्रित करने का निर्णय भी लिया गया।

योजना क्रमांक 151 और 159बी में स्टार्ट-अप पार्क के उपयोग के संबंध में पीपीपी मोड पर तैयार करवाये जा रहे निविदा प्रपत्र हेतु व्ययन की प्रक्रिया के लिए विभिन्न विकल्प प्रस्तुत किये गये। उल्लेखनीय है कि उक्त निर्णय से पीपीपी मोड पर स्टार्ट-अप पार्क हेतु निविदा आमंत्रण करने का रास्ता साफ हो जायेगा। योजना क्रमांक टीपीएस-5 पर 6 करोड़ 79 लाख रूपये की रिटेनिंग वॉल के निर्माण हेतु निविदा सहित टीपीएस-4 में 6 करोड़ 54 लाख रूपये लागत से बगीचे के चारों और बाउण्ड्रीवाल का निर्माण एवं टीपीएस-5 में एक करोड़ 91 लाख रूपये लागत से बगीचे में पाथवे का निर्माण की निविदाएं स्वीकृत की गई हैं। साथ ही नवनिर्मित सांदीपनी स्कूल नंदानगर, शिव नगर एवं पाल काकरिया में आंतरिक साज-सज्जा एवं फर्नीचर हेतु निविदाएं स्वीकृत की गई है। इस प्रकार इंदौर विकास प्राधिकरण संचालक मण्डल द्वारा 17 करोड़ 65 लाख रूपये की निविदाएं स्वीकृत की हैं।

संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने बताया कि इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा नगर विकास योजना टीपीएस-8 में 60 मीटर चौड़े एमआर-12 के अलाइमेंट के संशोधन हेतु प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि एमआर-12 के अलाइमेंट संबंधी प्रस्ताव की स्वीकृति के अभाव में कान्ह नदी पर प्रस्तावित उच्च स्तरीय सेतु निर्माण का कार्य प्रभावित हो रहा है। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा योजना क्रमांक 103 के शैक्षणिक(स्कूल) उपयोग के तीन भूखण्डों को लीज पर व्ययन हेतु दर निर्धारण की स्वीकृति प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि उक्त शैक्षणिक (स्कूल) के भूखण्डों का शीघ्र उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। इंदौर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में नगर निगम द्वारा अधिरोपित किये गये संपत्ति कर के संबंध में विचार करने हेतु समग्र रूप से युक्तिकरण कर संपत्ति कर देयता निर्धारित किये



जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, निगमायुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी डॉ. परिक्षित झाड़े, वन मण्डलाधिकारी श्री प्रदीप मिश्रा, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के संयुक्त संचालक सुभाशीष बेनर्जी, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता श्री सी.एस. खरत, मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल के प्रतिनिधि श्री दिलीप कुमार गाठे, आईडीए के योजनाकार, नगर निगम के चीफ इंजीनियर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

# 48 घंटे में पिछोर पुलिस की बड़ी सफलता-हत्या के प्रयास मामले में चार आरोपी अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार



ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। पिछोर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में शामिल चार आरोपियों को मात्र 48 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से अवैध हथियार और दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। घटना 26 अक्टूबर 2025 की है, जब फरियादी संजय लोधी निवासी ग्राम मादौन खुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसे मनोज लोधी ने विवाद के चलते मिलने के लिए जीरो प्वाइंट पर बुलाया। वहां पहुंचने पर मनोज उर्फ सागर लोधी, बृजेंद्र लोधी और कुछ अन्य लोग मौजूद थे। विवाद के दौरान बृजेंद्र लोधी ने जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, जो पास से गुजर रहे संतोष लोधी के दाहिने हाथ में जा लगी। गोली लगने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पिछोर पुलिस ने अपराध क्रमांक 582/25 धारा 109, 115(2), 125, 190, 191(2), 191(3), 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी

1 बृजेंद्र पुत्र हरिराम लोधी (22 वर्ष) निवासी गरेठा,

2 सागर उर्फ मनोज पुत्र कैलाश लोधी (30 वर्ष) निवासी गरेठा,

3 शैलेन्द्र पुत्र रूपसिंह केवट (20 वर्ष) निवासी जनकपुर, जिला दतिया,

4 धर्मेन्द्र उर्फ डी.के पुत्र दशरथ लोधी (22 वर्ष) निवासी नोहरा, जिला झांसी (उ.प्र.) को मानपुर तालाब और कमालपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक 32 बोर की पिस्टल, एक देशी कट्टा मय जिंदा राउंड, और दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पिछोर में पेश किया गया। इस कार्रवाई में सराहनीय भूमिका निभाने वाले अधिकारी एवं कर्मचारीः थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश उपाध्याय, उनि रामकिशोर जोशी, उनि बी.एल. दोहरे, सउनि अरविंद सगर, सउनि जहान सिंह, सउनि परमाल सिंह, प्रआर 703 रामहेत सिंह, प्रआर 278 लक्ष्मीनारायण शुक्ला, आर 425 धर्मेंद्र लोधी, एवं आर 1026 प्रदीप नरवरिया की रही। थाना पिछोर पुलिस की यह त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने एसडीएम हुज़ूर रीवा को ज्ञापन सौंपा



रीवा, मध्य प्रदेश - एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने छिंदवाड़ा में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से सबक लेते हुए, जिले में अमानक दवाओं के उपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई करने का अनुरोध करते हुए एसडीएम हुज़ूर रीवा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में उपस्थित डॉक्टर, दवा के होलसेलर, दवा के फुटकर विक्रेता और फार्मासिस्ट जिनकी खुद की फार्मा कंपनियां संचालित हैं, वे जल्द से जल्द उन कंपनियों और दवाइयां की जानकारी जिला कलेक्टर को लैब टेस्ट रिपोर्ट के साथ प्रेषित करें। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश संगठन मंत्री प्रशांत सिंह हाडा, प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी जी के साथ फार्मासिस्ट जितेन्द्र पटेल, विमल और अतुल उपाध्याय उपस्थित रहे। एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने अनुरोध किया है कि फार्मासिस्ट अपना पहचान पत्र पहन कर बैठे और संस्थान में सीसीटीवी कैमरे की अनिवार्यता की जाए।

# हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल की बड़ी कार्यवाही अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए पुलिस ने किया गिरफ्तार!

खुशबु श्रीवास्तव

लगातार पुलिस विभाग द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है! इसी कड़ी में इंदौर के हीरानगर थाना ने अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करते हुए आरोपी अरुण उर्फ डार्लिंग पिता संजय चौरसिया 3/3 सागर विहार कॉलोनी को गिरफ्तार किया बता दे की हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था इस दौरान शातिर बदमाश होकर अपनी असली पहचान छुपा कर देता था वारदात



को अंजाम पूर्व में भी इसके ऊपर आधा दर्जन अपराधिक प्रकरण दर्ज आरोपी पुलिस को देखकर घबराने लगा उक्त व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तुरंत देराबंदी की उसकी तलाशी लेने पर उसके कंधे पर टांगे बाग से उसमें भूरे मटमैले रंग का पाउडर जैसा पदार्थ से भरी एक पारदर्शी प्लास्टिक पॉलिथीन मौजूदा स्टाफ ने पंचानो ने सूंघकर व अपने अनुभव के आधार पर मादक पदार्थ ब्राउन शुगर होने की पहचान की पुलिस ने 8 /18 एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया!

# लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न

मोहम्मद शमशाद | किशनगंज (बिहार)

किशनगंज के पोठिया, बल्दीहाट एवं शिवगंज क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा बड़ी ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। व्रतियों ने नदियों और तालाबों के घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि महिला व्रतियों के लिए कपड़े बदलने की अलग व्यवस्था प्रत्येक घाट पर होनी चाहिए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। शिकायतकर्ताओं सुरेंद्र महतो, दिलीप महतो, रामबाबू और दिनकटु राय ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण छठ पर्व के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रही, व्रतियों के लिए जरनेटर का सहारा लेना पड़ा, जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हुई।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आगामी अवसरों पर ऐसी समस्याओं से बचने के लिए विद्युत आपूर्ति और महिला सुविधा केंद्रों की उचित व्यवस्था की जाए। स्थानीय श्रद्धालुओं ने बताया कि छठ घाटों पर सुरक्षा और स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक रही, परंतु महिला सुविधाओं की कमी बड़ी समस्या बनकर सामने आई।